(54)

झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी

(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इकाई)

प्रथम तल, कल्याण कॉम्प्लेक्स (प्रशिक्षण केन्द्र), बलीहार रोड, मोराबादी, राँची।
दूरभाष संख्या– 0651–3501613

झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी (JTDS) के निदेशक मंडल की दिनांक 23/05/2023 को 12.30 बजे अपराहन् में सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, JTDS की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1. श्री के॰ श्रीनिवासन, भा0प्र0से0, सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार –सह– अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰।
2. श्री लोकेश मिश्रा, भा0प्र0से0, आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड सरकार एवं राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी –सह– सदस्य सचिव।
3. श्री फैज अक अहमद मुमताज, भा0प्र0से0, उपायुक्त, जामताड़ा।
4. श्री राम निवास यादव, भा0प्र0से0, उपायुक्त, साहेबगंज।
5. श्री अरविन्द कुमार लाल, निदेशक (प्रभारी), ITDA, लोहरदगा।
6. श्री संदीप दोरायबुरू, परियोजना निदेशक, ITDA, सरायकेला–खरसावाँ।
7. श्री राजेश कुमार पाण्डेय, जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम।
8. श्री आशुतोष कुमार, सहायक निदेशक, कृषि निदेशालय, झारखण्ड सरकार।
9. श्री महावीर बेदिया, अध्यक्ष, ग्राम सभा परियोजना क्रियान्वयन समिति, ग्राम– रंगामाटी, प्रखण्ड – अनगड़ा, जिला– राँची (जनजातीय सदस्य)।
10. श्रीमती लक्ष्मी कुमारी गजपति, सदस्य, महिला मंडल ग्राम– उलिडीह, प्रखण्ड – तमाड़, जिला– राँची (जनजातीय सदस्य)।
11. श्रीमती उज्जवला देवी, सदस्य, महिला मंडल, ग्राम– बदरी, प्रखण्ड –अनगड़ा, जिला– राँची (जनजातीय सदस्य)।

- (क्रम संख्या 03 से 07 तक के सदस्यों द्वारा Video Conferencing के माध्यम से बैठक में भाग लिया गया)

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ द्वारा बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करने का निदेश राज्य परियोजना निदेशक को दिया गया।

(53)

प्रस्ताव एवं चर्चा उपरांत निर्णय :–

एजेंडा संख्या	प्रस्ताव	निर्णय
1.	IFAD वित्त पोषित JTELP से प्राप्त ब्याज की राशि को वेतन आदि मद में स्वीकृति के सबंध में।	निदेशक मंडल द्वारा निर्णय लिया गया कि ब्याज की राशि को वेतनादि मद में खर्च करने हेतु विभागीय स्तर से स्वीकृति ली जाय एवं कर्मियों के भविष्य को देखते हुए राज्य सरकार के अनुपूरक बजट में JTDS कर्मियों के वेतन हेतु राशि आवंटन करने का पहल किया जाय। इस बीच जबतक अनुपूरक बजट में JTDS कर्मियों के वेतन हेतु राशि आवंटित नहीं हो जाती है तबतक वेतनादि हेतु यथास्थिति बरकरार रखने का निर्णय लिया गया।
2.	वर्ष 2002 से संचालित विभिन्न योजनाओं (वाह्य एवं आंतरिक) से अर्जित ब्याज की राशि तथा Unutilized fund को JTDS के दैनंदिन उपयोग हेतु स्वीकृति के संबंध में।	निदेशक मंडल द्वारा निर्णय लिया गया कि ब्याज की राशि को दैनंदिन उपयोग के लिए खर्च करने के स्थान पर विभागीय स्तर से बजट निर्धारण कराना श्रेयस्कर होगा। इस हेतु राज्य परियोजना निदेशक को यथाशीघ्र संचिका अग्रसारित करने का निदेश दिया गया। तब तक यथास्थिति बनाये रखने का निर्णय लिया गया।
3.	JTDS के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों की सेवा अवधि का विस्तार के संबंध में।	निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पर एक वर्ष की अवधि विस्तार हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही विभाग के द्वारा संचालित जीविकोपार्जन से संबंधित योजनाओं में से यथोपयुक्त योजना का संचालन JTDS के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया। इस हेतु SPD के द्वारा प्रस्ताव समर्पित किया जाय।
4.	JTDS में कार्यरत कर्मियों का वार्षिक वेतन वृद्धि के संबंध में।	निदेशक मंडल द्वारा निर्णय लिया गया कि नियमानुसार विभाग द्वारा वार्षिक वेतन वृद्धि के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।
5.	APD के पदस्थापन से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर निर्णय के सबंध में।	निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु राज्य परियोजना निदेशक को प्राधिकृत किया गया। SPD इस संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।
6.	JTDS के कर्मियों के DA तथा अन्य सुविधा पर निर्णय के संबंध में।	निदेशक मंडल द्वारा निदेश दिया गया कि नियमानुसार विभाग द्वारा JTDS के कर्मियों के DA तथा अन्य सुविधा के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

7.	दैनंदिन वाह्य कार्य हेतु JTDS कार्यालय सहायक के द्वारा कई बार अपना वाहन का प्रयोग किया जाता है। पूर्व में JTDS के मैनुअल के अनुसार उन्हें प्रति कि.मी. के दर से ईंधन हेतु भुगतान किया जाता रहा है। निदेशक मंडल के द्वारा इस पर घटनोतर स्वीकृति के संबंध में।	इस संबंध में अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ द्वारा सदस्य सचिव –सह– राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया।
8.	JTDS के Manual of Personnel Policies and Procedures को पूर्व में JTELP परियोजना के लिए बनाया गया था, उसे ही आगे भी जारी रखने के संबंध में।	निदेश दिया गया कि IFAD वित्त पोषित JTELP से प्राप्त ब्याज की राशि से वेतन भुगतान की स्थिति में JTELP के Manual of Personnel Policies and Procedures मान्य होगा एवं राज्य सरकार के द्वारा बजट आवंटन की स्थिति में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार का निदेश मान्य होगा।
9.	अन्य बिन्दु अध्यक्ष की सहमति से। (क) JTDS में कार्यरत कर्मियों का मोबाईल भत्ता को जारी रखने के संबंध में। (ख) JTDS में कार्यरत कर्मियों का Mediclaim तथा Accidental Insurance जारी रखने के संबंध में। (ग) Annual Work Plan and Budget (AWPB) 2023-24 के स्वीकृति के संबंध में।	(क) इस संबंध में अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ द्वारा सदस्य सचिव –सह– राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया। (ख) इस संबंध में अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ द्वारा सदस्य सचिव –सह– राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया। (ग) वर्ष 2022–23 का विस्तृत वित्तीय विवरणी (Opening balance, Amount Received, Expenditure & Closing balance) तैयार करने तथा Statutory Audit कराने का निदेश दिया गया। तत्पश्चात् Annual Work Plan and Budget (AWPB) 2023-24 में निदेशानुसार संशोधन कर सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार–सह–अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰, के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें।

	(घ) अन्यान्य।	(1) JTDS अंतर्गत कार्य क्षेत्र में विकास के निमित JTELP-2 तथा TLDP परियोजना को मंत्रिमंडल से अनुमोदन हेतु आगे की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। (2) JTDS में कार्यरत PMU के भुगतान में विलंब के कारणों की समीक्षा की गयी। निर्णय लिया गया कि JTDS में कार्यरत PMU का भुगतान अन्य कर्मियों की भांति किया जाय तथा विभागीय आवंटन प्राप्त होने पर समायोजन कर लिया जाय।

अंत में अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰ निदेशक मंडल के धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

23/05/23

(लोकेश मिश्रा)
सदस्य सचिव, जे.टी.डी.एस. निदेशक मंडल
–सह–
राज्य परियोजना निदेशक

(के॰ श्रीनिवासन)
अध्यक्ष, जे.टी.डी.एस. निदेशक मंडल
–सह–
सरकार के सचिव

ज्ञापांक JTDS/2023/52 **राँची, दिनांक** 05/07/2023

प्रतिलिपि : सभी माननीय सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

03/07/23

(लोकेश मिश्रा)
सदस्य सचिव, जे.टी.डी.एस. निदेशक मंडल
–सह–
राज्य परियोजना निदेशक